>

Title: Need to accord the status of a Central University to Patna University, Bihar - Laid.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, पटना विश्वविद्यालय देश के अति प्राचीन विश्वविद्यालय में गिना जाता है। यह विश्वविद्यालय प्राचीन होने के साथ साथ कई सब्जेक्ट्स में अपना एक उच्च स्थान रखता है। पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने के लिए काफी दिनों से मांग होती आ रही है। सदन में माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी ने आश्वासन भी दिया था। किंतु, इस संबंध में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई केन्द्र सरकार द्वारा नहीं की गई है। इस कारण बिहार की जनता में काफी रोष है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने से पटना विश्वविद्यालय का मान सम्मान और गौरव बढ़ेगा। आजादी की 60वीं वÂर्षगांठ पर प्रधानमंत्री जी की चिंता एवं अधिक केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा से बिहार के लोगों में आशा की किरण जागी है। बिहार वैसे ही उपेक्षित है वहां मेधा की कमी नहीं है। वहां से मेधावी छात्रों का तो पलायन हो रहा है। बिहार में भी कम से कम एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय होने से वहां उच्च शिक्षा के स्तर में काफी सुधार होने के साथ-साथ वहां के मेधावी छात्रों का पलायन रूकेगा और राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई करने की कृपा करें।